# DON BOSCO SCHOOL, KOKAR, RANCHI

Session 2020-2021

**Class IV**

**Subject – Hindi II (सृष्टि)**

---

## पाठ – 1 कविता – नन्हा–मुन्ना राही

**अभ्यास**

**लिखित**

1 नन्हा–मुन्ना राही और देश का सिपाही कौन है ?

उत्तर नन्हा–मुन्ना राही और देश का सिपाही भारत के साहसी, वीर, निडर और होनहार बच्चे हैं।

2 'मंजिल से पहले न लूँगा कहीं दम' का अर्थ लिखो।

उत्तर इसका अर्थ यह है कि लक्ष्य प्राप्ति किए बिना रुकूँगा नहीं। लक्ष्य प्राप्ति करने के बाद ही दम लेना चाहिए।

3 'धरती पर पापी न पाएँगे जनम' का अर्थ लिखो।

उत्तर इसका अर्थ यह है कि धरती पर कोई भी अत्याचार नहीं करेगा। सभी जगह शांति का वातावरण होगा।

4 इस कविता में नन्हा सिपाही क्या कहना चाहता है?

उत्तर इस कविता में नन्हा सिपाही कहना चाहता है कि मैं भारत का रक्षक हूँ। कल का भविष्य हूँ और हर प्रकार से मैं भारत को सँवारकर इसके विकास के लिए तत्पर रहूँगा।

**भाषा की बात**

क दिए गए संयुक्त व्यंजन की सहायता से शब्द पूरा करो।

क्ष – परीक्षा ज्ञ – ज्ञान

त्र – पत्र श्र – श्रम

ख कविता में से ( ं ) और ( ँ ) वाले शब्द ढूँढकर लिखो –

ं मंजिल – संग हिंद मशीनों कहीं

ँ उँचा – बाएँ चलूँगा जहाँ बढ़ाऊँगा

ग नीचे दिए गए शब्दों के समान तुक वाले शब्द कविता में से ढूँढ़कर लिखो –

| | | | |
|---|---|---|---|
| डर | मर | बहाऊँगा | बढ़ाऊँगा |
| कदम | थम | वतन | चलन |
| डगर | नगर | बाएँ | दाएँ |

घ इन शब्दों के विलोम लिखो –

| | | |
|---|---|---|
| दाहिना | x | बाएँ |
| मरना | x | जीना |
| धरती | x | आकाश |
| नगर | x | शहर |
| ऊँचा | x | नीचा |
| गिरना | x | उठना |

ङ कोष्ठक से चुनकर समान अर्थ वाले शब्द लिखो –

(यंत्र, राह, पथिक, देश, भय, ताकर, पृथ्वी, झंडा)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| धरती | – | पृथ्वी | ध्वज | – | झंडा |
| राही | – | पथिक | डगर | – | राह |
| वतन | – | देश | तारा | – | तारक |
| डर | – | भय | मशीन | – | यंत्र |

च वर्ग पहेली में से संज्ञा शब्द खोजकर लिखो –

खेत, रोशन, प्रकाश, माँ, खिड़की, कक्ष, रसोईघर, धूप

**कला – कौशल**

1 आओ सीखें कविता लिखना (उपयुक्त शब्द छाँटकर कविता पूरी करो) –

हम बच्चे हैं <u>समझदार</u>

नित करते नए <u>आविष्कार</u>

होगा हम पर सबको <u>अभिमान</u>

सभी करेंगे हमारा <u>सम्मान</u>

हम से बनेगा हमारा देश <u>महान</u>

## पाठ – 2 अंधों का हाथी

**अभ्यास**

**लिखित**

1 पहले अंधे ने हाथी के बारे में क्या बताया ?

उत्तर पहले अंधे ने हाथी के बारे में बताया कि हाथी खंभे जैसा है क्योंकि उसके हाथ में हाथी का पैर आया।

2 दूसरे अंधे ने हाथी के बारे में क्या बताया ?

उत्तर दूसरे अंधे ने हाथी का कान टटोला और कहा – "हाथी थाली जैसा है।"

3 तीसरे और चौथे अंधे ने हाथी के बारे में क्या बताया ?

उत्तर तीसरे अंधे ने बताया कि हाथी मटका जैसा है और चौथे ने बताया कि हाथी रस्सी जैसा है।

4 झगड़े की नौबत क्यों आ गई ?

उत्तर सब अपनी – अपनी बात पर जोर दे रहे थे और कोई एक दूसरे की बात सुनने को तैयार नहीं था इसलिए झगड़े की नौबत आ गई।

5 इस कहानी से आपने क्या सीखा ?

उत्तर इस कहानी से हमने सीखा कि सबका नजरिया एक जैसा नहीं होता। बिना सोचे – समझे और जाँच – पड़ताल किए बिना कभी भी निर्णय नहीं लेना चाहिए।

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**क सही उत्तर चुनो**

1 हाथी कहाँ आया था ?

(क) बारात में (ख) जंगल में (ग) राजमहल में

उत्तर (क) बारात में

2 अंधे ने हाथी को देखने की इच्छा किससे प्रकट की ?

(क) महावत से (ख) राजा से (ग) हाथी से

उत्तर (क) महावत से

3 महावत ने अंधों को क्या कहकर संबोधित किया ?

(क) तुलसीदास (ख) रामदास (ग) सूरदास

उत्तर (ग) सूरदास

4 अंधों ने हाथी को किस प्रकार पहचाना ?

(क) देखकर (ख) सुनकर (ग) टटोल – टटोलकर

उत्तर (ग) टटोल – टटोलकर

ख रिक्त स्थान भरो –

1 चारों आदमी अंधे थे।

2 वे एक ही गाँव में पैदा हुए थे।

3 हाथी के बारे में सुनकर वे चर्चा करने लगे।

4 महावत भैया, हाथी को ज़रा संभाले रखना।

5 तीसरे अंधे ने कहा, "हाथी मटका जैसा है।"

**भाषा की बात**

क इन जानवरों की आवाजों को खोजकर लिखो –

(दहाड़ना, चिंघाड़ना, हिनहिनाना, ढेचूँ –ढेचूँ , मिमियाना)

| | | |
|---|---|---|
| घोड़ा | – | हिनहिनाना |
| हाथी | – | चिंघाड़ना |
| गधा | – | ढेचूँ –ढेचूँ |
| शेर | – | दहाड़ना |
| बकरी | – | मिमियाना |

ख नीचे दिए गए शब्दों को संज्ञा के भेद के अनुसार अलग करके लिखो –

( सुरेश, महावत, हाथी, पटना, गाँव, आश्चर्य, प्रसन्नता, रमेश, गुस्सा )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| व्यक्तिवाचक | – | सुरेश, | पटना, | रमेश |
| जातिवाचक | – | महावत, | हाथी, | गाँव |
| भाववाचक | – | आश्चर्य, | प्रसन्नता, | गुस्सा |

ग वर्ग पहेली से संज्ञा शब्द खोजो –

उत्तर

| | |
|---|---|
| सोहन | रहीम |
| नीलकंठ | राम |
| राघव | आगरा |
| शैली | |

घ विलोम शब्द लिखो –

गाँव x शहर  झूठ x सच

सुख x दुख          हँसना x रोना

ङ    नीचे दिए वाक्यों में सही विराम–चिहन ( , । “”!) लगाओ –

गाँव के लोग हाथी देखने गए , तो अंधे भी वहाँ पहुँच गए। तो एक अंधा बोला , “ महावत भैया , हम लोग हाथी को टटोलकर देखना चाहते हैं। ”

च    नीचे दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द लिखो –

अंधा – सूरदास

हाथी – गज

गाँव – ग्राम

कहानी – कथा

## पाठ – 3 ईदगाह

**अभ्यास**

**मौखिक**

छात्र स्वयं करें।

**लिखित**

1    ईद के दिन बच्चे क्यों खुश थे ?

उत्तर    ईद के दिन सभी बच्चे खुश थे क्योंकि ईदगाह जाने की तैयारी हो रही थीं और सभी पैसे गिन रहे थे। सभी खिलौने, मिठाइयाँ, गेंद और बिगुल खरीदना चाहते थे।

2    अमीना क्यों उदास थी ?

उत्तर    अमीना उदास थी क्योंकि उसके घर में खाने के लिए कुछ भी नहीं था तथा उसके बेटा और बहू का देहांत हो चुका था। उसका एक पोता था हामिद जो अमीना पर निर्भर था। वह भी ईदगाह जाना चाहता था।

3    साथियों के खिलौनों को देखकर हामिद ने किस प्रकार अपने आपको समझाया ?

उत्तर    हामिद अपने आप को समझाता है “मिट्टी के तो हैं, गिरें तो चकनाचूर हो जाए।”

4    हामिद ने अपने तीन पैसे चिमटे पर खर्च करना क्यों ठीक समझा ?

उत्तर    उसकी दादी जब रोटियाँ बनाती तो उसकी ऊँगलियाँ जल जाती हैं। इसलिए उसने चिमटा खरीदना उचित समझा कि दादी मुझे दुआएँ देगी।

5    अमीना का क्रोध स्नेह में क्यों बदल गया ?

उत्तर    हामिद के हाथ में चिमटा देखकर अमीना का क्रोध स्नेह में बदल गया। उन्होंने सोचा इस बच्चे में कितनी समझदारी, सद्भाव और विवेक है, जिसे मेले में भी मेरी याद बनी रही।

6 मेले में यदि हामिद कि जगह आप होते तो क्या करते ? सोचकर लिखो।

उत्तर छात्र इस प्रश्न का उत्तर खुद लिखें।

भाषा की बात

क इन शब्दों के विलोम शब्द लिखो –

| | |
|---|---|
| प्रसन्न x अप्रसन्न | खुश्बू x बदबू |
| निराशा x आशा | बुरा x अच्छा |
| प्रकाश x अंधकार | समझदार x मूर्ख |
| अमीर x गरीब | नीरस x सरस |

ख उदाहरण देखो और खाली स्थान भरो –

| | |
|---|---|
| मिठाई – मिठाइयाँ | चीज़ – चीज़ें |
| उँगली – ऊँगलियाँ | आवाज़ – आवाज़ें |
| टोली – टोलियाँ | बंदूक – बंदूकें |
| रेवड़ी – रेवड़ियाँ | औरत – औरतें |

ग पढ़ो, समझो और लिखो –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्य | – | प्यारा | प्यास | प्याज |
| न्न | – | प्रसन्न | अन्न | कन्नड़ |
| त्य | – | त्याग | त्याज्य | प्रत्यय |
| ल्ल | – | अल्लाह | अल्लाह | बल्ला |
| क्य | – | क्या | क्यारी | क्यों |

घ इन शब्दों को अलग–अलग पंक्ति में उदाहरण के अनुसार लिखो –

( मिठाई, अमीना, आश्चर्य, इमारत, अरशद, मोहसिन, टोपी, क्रोध, महमूद, त्याग, लड़का, प्रसन्नता )

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| अमीना | मिठाई | आश्चर्य |
| अरशद | इमारत | त्याग |
| मोहसिन | टोपी | क्रोध |
| महमूद | लड़का | प्रसन्नता |

ङ मुहावरों से वाक्य पूरे करो –

( दिल बैठना, पेट में चूहे कूदना, मुँह में पानी आना )

1 मिठाई देखते ही बच्चों के मुँह में पानी आ गया।

2 बिना कुछ खाए पाठशाला आते ही मेरे पेट में चूहे कूदने लगे।

3 चिमटे की कीमत सुनकर हामिद का दिल बैठ गया।

## Assignments

Book: **सृष्टि अभ्यास पुस्तिका**

पाठ – 1 नन्हा – मुन्ना राही

पाठ – 2 अंधों का हाथी

पाठ – 3 ईदगाह

इन तीनों पाठों के अभ्यास कार्य को छात्र अभ्यास पुस्तिका में ही निर्देशों के अनुसार प्रश्नोत्तर लिखकर पूरा करें।

Book: **हिन्दी सुलेख पुस्तिका**

छात्र प्रतिदिन आधा पेज, तिथि के अनुसार सुंदर अक्षरों में हिंदी लेख ( Hindi Handwriting ) लिखें।